Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to include Naini in Defence Industrial Corridor.

प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने फरवरी 2018 में दो इंडस्ट्रियल कोरिडोर भारत के लिए स्वीकृत किए थे और एक उत्तर प्रदेश को दिया था। यह इंडस्ट्रियल कोरिडोर अलीगढ़ से चित्रकूट, झांसी कानपुर होते हुए लखनऊ तक है। यह चित्रकूट बुंदेलखंड का एरिया ले रहा है। प्रयागराज में नैनी तक जमनापार का क्षेत्र उद्योग का बहुत बड़ा केंद्र रहा है। यहां सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियां धीरे-धीरे 90 के दशक से बंद होती चली गईं। विडंबना यह है कि सरकारी कंपनियां जो बंद हुई हैं, टीएसएल स्पिनिंग मिल, कॉटन मिल आदि, उनके पास 1000 एकड़ से ज्यादा जमीन पड़ी हुई है, जो इस समय अनुपयोगी है।

मेरी आपके माध्यम से मांग है कि डिफेंस इंडस्ट्रियल कोरिडोर को चित्रकूट से 30-35 किलोमीटर नैनी तक बढ़ाकर एनएच-35 से जोड़ा जाए, ताकि प्रयागराज की अर्थव्यवस्था बेहतर हो सके और नैनी का औद्योगिक जीवन फिर से शुरू हो सके।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्मा, श्री आर.के. सिंह पटेल, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री देवेन्द्र सिंह भोले को श्रीमती रीता बहुगुणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।